एन सी एच एम सी टी द्वारा
संचालित
राष्ट्रीय आथित्य शिक्षक
पात्रता परीक्षा
(एन एच टी ई टी)
योजना

१. एक संक्षिप्त नोट

यह जनता एवं अग्रणी शिक्षा–शास्त्रियों एंव होटल व्यवसायियों में एक सामान्य धारणा है कि अर्हता प्राप्त व्यक्ति अध्यापन पेशे की ओर आकर्षित नहीं हो रहे हैं ; उन मापदण्डो पर चिंता व्यक्त की गई जो अध्यापको के चयन हेतु अपनाए गए | यह मोटे तौर पर महसूस किया जा रहा था, अनेक व्यक्ति जिनमें अध्यापन हेतु क्षमता एवं रूचि नहीं है, उन्होनें इस पेशे में प्रवेश किया है|

शिक्षा के राष्ट्रीय नीति 1986 जिस मद पर संसद में भी चर्चा हुई थी, उस में कहा गया है:

"अध्यापकों की भर्ती की पद्धति को योग्यता विषय – निष्ठता एवं स्थानिक एवं कार्य की जरुरतों के अनुरूप सुनिश्चित करने हेतु पुनः निर्धारित की जाएगी"|

इस स्थिति का निराकरण करने और आथित्य शिक्षा में गुणवत्ता बनाये रखने के लिए राष्ट्रीय आथित्य अध्यापक पात्रता परीक्षा (एनएचटीईटी) की योग्यता तैयार की गई हैं|

२. एन एच टी ई टी(रा आ अ पा प) का विहंगाव लोकन

२.१ यह योजना एन.एच .टी.ई.टी संबद्ध आई एच एम'एस में बेहतर से उत्तम पात्रता प्राप्त सहायक प्राध्यापक एवं अध्यापन एसोशिएट का चयन करना हैं एवं इसे एन.एच .टी.ई.टी योजना माना जाएगा|

२.२ यह भारत के नागरिकों पर लागू होगी जो इस योजना के अंतर्गत अन्य पात्रता मापदंडो को पूरा करते हों|

२.३सहायक प्राध्यापक के लिए घोषित पात्र अभ्यर्थी को किसी रिक्त स्थान हेतु आवेदन करने का तभी अधिकार होगा यदि इसे एनसीएचएमसीटी संबद्ध आर एच एम द्वारा चाहे उसे सरकारी क्षेत्र, साक्षे उपक्रम अथवा निजी क्षेत्र ने घोषित किया हो एन सी एच एम सी टी अर्हता प्राप्त अभ्यर्थी का एन सी एच एम टी संबद्ध आई एच एम में स्वतः प्रवेश का कोई अधिकार नहीं होगा, उन्हें सहायक प्राध्यापक अथवा शिक्षा एसोशिएट के प्रवेश हेतु अलग चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा|

२.४कोई एनसीएचएमसीटी संबद्ध आई एच एम किसी अभ्यर्थी के पास वैध एन एच टी ई टी उतीर्ण प्रमाण पत्र न होने की स्थिति में नियमित रिक्त स्थान में सीधी भर्ती से किसी शिक्षा एसोशिएट अथवा सहायक की भर्ती नहीं करेगा|

३. एन एच टी ई टी में बैठने की पात्रता

३.१किसी मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से पूर्ण कालिक कम से कम 60% अंको से आथित्य प्रशासन /होटल प्रवंधन में स्नातक डिग्री एवं डिग्री प्राप्त करने के बाद कम से कम 2 वर्षों का उधोग अनुभव अथवा स्नातक अथवा स्नातकोत्तर डिग्री में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से कम से कम अंकों के साथ आथित्य प्रशासन /होटल प्रबंधन में स्नातक डिग्री के बाद पूर्ण कालिक आथित्य प्रशासन /होटल प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री| ३.२जो अभ्यर्थी होटल /आथित्य प्रबंधन /प्रशासन में स्नातकोत्तर डिग्री

के अंतिम सत्र / अंतिम वर्ष की परीक्षा में बैठ रहे हो और उन्होंने पिछले वर्ष / सत्र के सभी बिषय उतीर्ण किए हो और डिग्री मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से कम से कम 60% अंकों में आथित्य प्रशासन / होटल प्रबंधन में स्नातक डिग्री भी हो, वे आवेदन कर सकते है|

३.३आयु 30 वर्षो से अधिक न हो अ जा /अ ज जा /शा अ श्रेणियों को 5 वर्षो और अन्य पिछड़ा वर्ग को नियमानुसार आयु में छूट दी जाएगी |

□. परीक्षा की योजना व तारीख

४.१ इस परीक्षा में तीन प्रश्न –पत्र होगें और सभी तीनों प्रश्न पत्र केवल वस्तुनिष्ट प्रकार के होगें| ये परीक्षाए कैलेंडर वर्ष में □□ बार होगी| यह परीक्षा एक दिन में ही अलग सत्रों में आयोजित की जाएगी|

सत्र एवं अवधि	प्रश्न पत्र	प्रश्नों की संख्या	अंक	नकारात्मक अंक
पहला (एक घंटा) प्रातः 9 बजे से 10.00बजे तक	प्रश्न–पत्र I	50 प्रश्न	100 प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा 1/2	½ अंक,प्रत्येक गलत उत्तर पर अथवा □□□□□ उत्तर □□□□ पर
पहला (एक घंटा) 10.30 बजे से 11.30 बजे पूर्वाह्न तक	प्रश्न–पत्र II	50 प्रश्न	100 प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा	
दूसरा (2 घंटो का) 2.00 बजे से 4.00 बजे अपराह्न तक	प्रश्न–पत्र II	100 प्रश्न	200 प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा	हल नहीं किए गए प्रश्नों के लिए ० अंक

प्रश्न-पत्र –I यह सामान्य प्रकार का होगा जिसका उदेश्य अभ्यर्थी के शिक्षण / अनुसंधान रूचि का आकलन करना है, इसे मुख्य रूप से शिक्षण , तार्किक योग्यता ग्राहयता विषद रूचि एवं सामान्य जानकारी के ज्ञान की परीक्षा लेने हेतु तैयार किया गया हैं. दो अंको के अनेक विकल्पों के 50 प्रश्न भी होगें, जिन्हें हल करना अनिवार्य होगा. अभ्यर्थी के दुसरे/तीसरे प्रयास के मामले में नकारात्मक अंक लगाए जाएगें|

तथापि, हल नहीं किए गए प्रश्नों पर कोई नकारात्मक अंक नहीं लगाये जाएगें|

प्रश्न-पत्र- II में पोषक आहार ,आहार विज्ञान ,सामान्य प्रबंधन , होटल के खाते (आथित्य वाले शिक्षण पदों) के 50 अनेक विकल्पों के प्रश्न होगें प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा|

प्रश्न–पत्र III में आथित्य संबंधी चार अंगो जैसे आहार उत्पादन , एम व बी सेवाव / प्रबंधन, आवास संबंधी प्रबंधन एवं हाउस कीपिंग प्रबंधन से अनेक विकल्पों के 100 प्रश्न होगें. प्रत्येक प्रश्न दो अंको के होगें| ४.२ अभ्यर्थियों को परीक्षा–पुस्तिका के साथ दी जाने वाली ऑप्टिकल मार्क रीडर (ओ एम आर) शीट में प्रश्न पत्र–I , प्रश्न पत्र –II एंव प्रश्न पत्र –III के प्रश्नों के जबाब अंकित करने होगें ओ एम आर शीट में उत्तर अंकित करने के विस्तृत अनुदेशो को कॉल लेटर /हॉल टिकट में दिया जाएगा|

४.३ अपंगता वाले उम्मीदवार (दिव्यांग) जो अपने हाथ से लिखने में असक्षम हैं, वे लिखित रूप में पहले समन्वयक से कम से कम एक सप्ताह पहले एनएचटीईटी, समन्वयक संस्थान से पूर्वानुमति से लेखक की सेवाए ले सकते हैं|

पूरक समय एवं लेखक की सुविधा अन्य अपंगता वाले (दिव्यांग) अभ्यर्थियों को नहीं दी जाएगी.

४.४ परीक्षाफल एन सी एम एक सी टी (www.thims.gov.in) के वेब पोर्टल में प्रकाशित किया जाएगा और तदनुसार प्रमाण–पत्र अभ्यर्थियों को प्रेषित किए जाएगें|

४.५ अभ्यर्थी अनुमत्य अवधि यानि अपनी 30 वर्ष की आयु पूर्ण करने से पहले, कितनी ही बार परीक्षा में बैठ सकता हैं, तथापि अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रिमी लेयर) अभ्यर्थी 33 वर्ष तक और अ जा /अ ज जा /दिव्यांग अभ्यर्थी 35 वर्ष की आयु तक परीक्षा में बैठ सकते हैं |

५.परीक्षाफल के घोषणा हेतु प्रक्रिया व मापदंड

एनएचटीई टीमें निम्नलिखित बाते शामिल□□□:

कदम -1 एनएचटीईटी मे सहायक व्याख्याता एन सी एच एम –आइ एच और दूसरे किसी चैप्टर की पात्रता पर विचार करने हेतु अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त किए जाने वाले न्यूनतम अंक

अभ्यर्थी को सहायक व्याख्याता एवं शिक्षण एसोसिएट दोनों के लिए पात्रता हेतु प्रश्न–पत्र I ,प्रश्न–पत्र II ,प्रश्न–पत्र III एवं तीनों प्रश्न पत्रों के कुल न्यूनतम अंक प्राप्त करने होगें |

प्राप्त किए जाने वाले न्यूनतम अंक (%)

श्रेणी	प्रश्न–पत्र –I 100 में से प्राप्तांक	प्रश्न–पत्र –II 100 में से प्राप्तांक	प्रश्न–पत्र –III 200 में से प्राप्तांक	400 अंको में से कुल प्राप्तांक
सामान्य अभ्यर्थी	45 (45%)	45 (45%)	100(50%)	200(50%)
दिव्यांग /अ जा /अ ज जा	40(40%)	40 (40%)	90(45%)	190(45%)

अभ्यर्थियों को अध्यापक एसोसिएट के लिए पात्रता हेतु प्रश्न–पत्र I ,प्रश्न–पत्र II व प्रश्न–पत्र III अलग अलग एंव तीनो प्रश्न पत्रों के कुल जोड़ निम्नलिखित न्यूनतम अंक प्राप्त करने होगें |

प्राप्त किए जाने वाले न्यूनतम अंक (%)

श्रेणी	प्रश्न–पत्र –I 100 में से प्राप्तांक	प्रश्न–पत्र –II 100 में से प्राप्तांक	प्रश्न–पत्र –III 200 में से प्राप्तांक	400 अंको में से कुल प्राप्तांक
सामान्य अभ्यर्थी	40(40%)	40(40%)	90(45%)	190(45%)
दिव्यांग /अ जा /अ ज जा	35(35%)	35(35%)	90(40%)	160(40%)

अतः अध्यापन एसोसिएट हेतु आवेदन करने हेतु आवेदन करने वाला कोई अभ्यर्थी सहायक व्याख्याता के रिक्त स्थान के लिए आवेदन करने के लिए पात्र नहीं होगा. ऐसे अभ्यर्थी को सहायक व्याख्याता के पद हेतु पात्र होने के लिए निर्धारित पात्रता रखने के लिए वांछित प्रतिशत के लिए आगामी एन एच टी ई टी परीक्षा में पुनः बैठना होगा|

कदम –2 जिन अभ्यर्थियों ने उक्त कदम –I उत्तीर्ण कर लिया हो उनकी एक विस्तृत अंक–पत्र सह प्रमाण–पत्र तैयार किया जाएगा और उन अभ्यर्थियों को भेजा जाएगा. यह प्रमाण–पत्र में लिखी अवधि तक एनसीएचएम – आई आई एच अथवा उसके किसी चैप्टर में सहायक व्याख्याता के पद हेतु आवेदन करने हेतु बैध रहेगा|

कदम -3 जिन अभ्यर्थियों ने उक्त कदम 1 उत्तीर्ण नहीं किया हो उनके अंक–पत्र उसमे उत्तीर्ण नहीं टिप्पणी के साथ तैयार की जाएगी और वह www.thims.gov.in में प्रदर्शित किया जाएगा|

यह नोट किया जाए कि एन सी एच ऍम सी टी को इसमे परिवर्तन करने की शक्ति प्राप्त है और उसे परिणाम घोषित करने के पूर्व, कारण के साथ, परिवर्तन को अधिसूचित कर सकता हैं |

६. एनएचटीईटी प्रमाण–पत्र के वैधता

६.१(क) इस प्रमाण–पत्र के वैध रहने की अवधि तक, अभ्यर्थी एन सी एच एम सी टी संबंद्ध आई एच एम एस की सहायक व्याख्याता एवं अध्यापन एसोसिएट की कोई रिक्त स्थान में आवेदन करने का पात्र रहेगा|

६.१(ख) भविष्य में पात्रता मापदंड एवं वैधता अवधि बदल सकती है पर इस खोज के तहत, अभ्यर्थी के हित को ध्यान में रखा जाएगा|

६.२ एन एच टी ई टी प्रमाण–पत्र की वैधता अवधि के दौरान, कभी बाद में, यदि यह पाया गया की अभ्यर्थी ने गलत सुचना एवं जली दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं तो उसका एन ए एच टी ई टी प्रमाण–पत्र

तुरंत निरस्त कर दिया जाएगा और सभी आई एच एमो को इस संबध में समान परिपत्र जारी किया जाएगा उसका आगामी दो वर्षो के लिए वंचित कर दिया जाएगा|

७. आवेदन कैसे करे

७.१ अभ्यर्थियों को विवरणिका के विवरणों को ध्यान से पढ़ना चाहिए और www.thims.gov.in में ऑनलाइन आवेदन –पत्र को भरे|

७.२ अभ्यर्थी को आवेदन–पत्र भरने से पहले अपेक्षित राशी का बैंक–ड्राफ्ट किसी अनुमोदित बैंक से खरीदना है चूकिः आवेदन–पत्र भरने में बैंक ड्राफ्ट नंबर भरना होगा, गलत बैंक ड्राफ्ट नंबर भरने से अभ्यर्थी के प्रिंट आउट के साथ भेजा हैं तो वह सिस्टम से मेल नहीं खाएगा और ऐसा आवेदन निरस्त हो जायेगा|

७.३ आवेदन पत्र में वांछित पासपोर्ट आकर की फोटो अपलोड करने हेतु तैयार रखी जाए|

७.४ वैध आर डी कार्ड वांछित आकार को भी आवेदन–पत्र में अपलोड किया जाए, आधार कार्ड, पैन कार्ड पहचान–पत्र ड्राइविंग लाइसेंस पासपोर्ट आई. डी हो सकते हैं |

७.५ सभी सूचनाएं सही हो और उनकी स्पेल्लिंग भी सही हो|

७.६ मोबाइल नंबर एवं ईमेल आई डी वैध हो, क्योंकि सभी सूचनाए इसमे ही भेजी जाएगी किसी अभ्यर्थी को कोई स्थल डाक नहीं भेजी जाएगी.

७.७ अभ्यर्थी, जिनके पास आथित्य में स्नातकोत्तर डिग्री नहीं हैं, उन्हें डिग्री लेने के बाद, होटल उद्योग (स्थापित होटल सरकार से पंजीकृत और वर्गीकृत) में कम से कम दो वर्ष के अनुभव के विवरण के पूरे व्योरे देने की आवश्यकता हैं, सूचना सत्य एवं तथात्मक होनी चाहिए|

और उसका दस्तावेजी प्रमाण हो डिग्री पूरी करने के लिए की गई औद्योगिक प्रशिक्षण को अनुभव नहीं माना जाएगा इस अनुभव को एन एम टी ई टी प्रमाण–पत्र में परीक्षा को पूर्ण करने के लिए रिकॉर्ड किया जाएगा. एन एच टी ई टी के दौरान यदि अनुभव की गलत सूचना के मामले में और यदि और यदि एच टी ई टी प्रमाण में सूचना के अनुसार उस होटल से अनुभव का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता हो तो उस सूचना की गलत माना जाएगा तो एन एच टी ई टी के लिए दो बार बैठने से वंचित के साथ उसका एन एच टी ई टी प्रमाण–पत्र तुरंत रद्द कर दिया जाएगा|

८. आवेदन– शुल्क

ऑनलाइन आवेदन शुल्क रु० 800/ सामान्य/ओबीसी होगी (पुरुष अभ्यर्थियों के लिए) एवं रु० 400/ सभी महिलाओ एवं अ जा /अ ज जा /दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए एन एच टी ई टी द्वारा भविष्य में इसे संशोधित किया जा सकता है|

इसे आवेदन–पत्र को भरकर उसकी पुष्टि प्रति की कॉपी के साथ एवं ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ जाए|

विधिवत भरे आवेदन पत्र के प्रिंट आउट ऑनलाइन शुल्क के साथ मेल □□□□ □□□□|

९. शुल्क के साथ भरे गये आवेदन–पत्र के प्रिंट आउट को मेल □□□□ □□□□□□□ □□□

अभ्यर्थी आवेदन पत्र को ऑनलाइन प्रेषित करने के बाद, उसके तीन पृष्ठों के भरे हुए आवेदन–पत्र का प्रिंट आउट ले सकता हैं उसे निर्धारित प्रपत्र में निश्चित तारीख से पहले उक्त आवेदन –शुल्क के मांग ड्राफ्ट के साथ परिषद को आवश्य भेजना चाहिए उसके साथ कोई अन्य दस्तावेज न लगाए अभ्यर्थी को पुष्टि शीट के साथ मांग ड्राफ्ट को एन सी एम एम सी टी को केवल रिकार्डेड डाक ((स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक) से अवश्य भेजना हैं|

१०. प्रवेश पत्र

१०.१ अभ्यर्थी को विशिष्ट समय अवधि के दौरान में, इसके लिए उसी पोर्टल से प्रवेश पत्र को डाउनलोड करना होगा |

१०.२ किसी अभ्यर्थी को डाक से कोई प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा|

१०.३ किसी अभ्यर्थी को बिना प्रवेश–पत्र एवं आवेदन पत्र में वर्णित मूल आई डी कार्ड के परीक्षा हॉल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा|

१०.४ धृदंता संज्ञय अपराध हैं और परीक्षा अधीक्षक ऐसे व्यक्ति को पुलिस को सोंपने के लिए प्राधिकृत है|

११. एन एम टी ई टी परीक्षा केंद्र

	परीक्षा केंद्र		परीक्षा केंद्र
1	दिल्ली	2	जयपुर
3	मुंबई	4	गांधीनगर
5	चेन्नई	6	भोपाल
7	कोलकत्ता	8	गुवाहाटी
9	चंडीगढ़	10	भुवनेश्वर
11	गुरदासपुर	12	हैदराबाद
13	लखनऊ	14	बैंगलोर
15	हाजीपुर (पटना के निकट)	16	तिरुनन्तपुरम

१२.परिणाम की घोषणा एवं एन एच टी ई टी अर्हता प्रमाण–पत्र

अर्हता एवं अनर्हता अभ्यर्थियों की समेकित सूची परिणाम घोषणा की निर्धारित तिथि को अथवा उससे पहले www.thims.gov.in पोर्टल में प्रकाशित की जाएगी|

यदि कोई अभ्यर्थी अपनी संतुष्टि के लिए उत्तर पुस्तिका को देखना चाहता हो उसे परिणाम घोषित होने के 90 दिनों के भीतर एन सी एच एम सी टी कार्यालय , नॉएडा में आना होगा अभ्यर्थी अभ्यर्थी 90 दिनों के भीतर वांछित शुल्क जमा कर सूचना अधिकार अधिनियम के तहत अपनी उत्तर पुस्तिका की मांग कर सकता हैं इसके पश्चात् सभी रिकॉर्ड समाप्त कर दिए जाएगें|

१३. संबद्ध संस्थानों की संख्या

वर्तमान में एन सी एच एम सी टी के साथ कुल 68 संस्थान संबंद्ध हैं|

21 केन्द्रीय आई एच एम 21 राज्य आई एच एम 1 पी एस यू एन एम तथा 14 नीति आई एच एम अनुलग्न– । में दी गई है|

१४. महत्वपूर्ण तारीखें

१४.१ आवेदन हेतु पोर्टल 30 अप्रैल के 0.00 घंटो से 2 जून 2017 के 24.00 घंटे तक खुले रहेगे अभ्यर्थी को इस अवधि में आवेदन करना होगा इस समय को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा और ऑफ लाइन आवेदन नहीं लिया जाएगा|

१४.२ विधिवत भरे गए आवेदन–पत्र के प्रिंट आउट के साथ निर्धारित शुल्क को एन सी एच एम टी कार्यालय में ही डाक अथवा दस्ती से एन एच टी ई टी परीक्षा की तारीख से 20 दिन पहले अथवा निर्धारित तारीख तक अवश्य मिल जाने चाहिए अगर कोई भी ऐसा करने में असमर्थ रहता हैं, तो उसका ऑनलाइन आवेदन–पत्र स्वतः रद्द कर दिया जाएगा|

१४.३ प्रवेश पत्र परीक्षा की तारीख से 10 दिन पहले पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता हैं|

१४.४ पैरा ४.१ में उल्लेखित योजना के अनुसार अखिल भारतीय आधार पर 16 केन्द्रों में पैरा 2 की सूची के अनुसार परीक्षा आयोजित की जाएगी परीक्षा (एन एच टी ई टी) की तारीख अलग से पोर्टल के माध्यम से सूचित की जाएगी|

१४.५ एन एच टी ई टी के परिणाम परीक्षा की तारीख से 12 कार्य दिवस या उससे पहले घोषित किए जाएगें|